भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 983**

02.12.2024 को उत्तर के लिए

**देश में वन आवरण**

**983. श्री के. राधाकृष्णन :**
**श्री इमरान मसूद :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में वन क्षेत्र का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वृक्षों के कम होने से कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन बढ़ जाता है, यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान देश में वृक्षों के आच्छादन में हुई क्षति के कारण होने वाले कार्बन आइऑक्साइड उत्सर्जन का ब्यौरा क्या है,

(ग) भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 और ग्लोबल फॉरेस्ट वाच डाटा के बीच विरोधाभासों का औचित्य क्या है; और

(घ) क्या सरकार की योजना मानित और सामुदायिक वनों से सुरक्षा हटाने के लिए हाल ही में किए गए संशोधन की गंभीर आलोचना को देखते हुए वन संरक्षण अधिनियम (1980) में पुन:संशोधन करने की है?

**<u>उत्तर</u>**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) से (घ): भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), देहरादून, जो मंत्रालय का एक अधीनस्थ संगठन है, हर दो वर्ष में वन क्षेत्र का आकलन करता है। नवीनतम भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2021 के अनुसार, देश का कुल वन क्षेत्र 7,13,789 वर्ग किलोमीटर है जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71% है। गत पांच वर्षों के दौरान देश में वन क्षेत्र का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

आईएसएफआर 2017 के आकलन की तुलना में आईएसएफआर 2021 के आकलन के अनुसार वन और वृक्ष क्षेत्र में 7449 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। चूंकि वन और वृक्ष क्षेत्र में कोई कमी नहीं आई है, इसलिए वन और वृक्ष क्षेत्र में कमी के कारण कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में वृद्धि का प्रश्न ही नहीं उठता।

भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 और ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच डेटा के बीच विरोधाभास इन दोनों रिपोर्टों में अपनाई गई वन क्षेत्र और वृक्ष क्षेत्र की परिभाषा में अंतर के कारण हो सकता है।

वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 को दिनांक 4 अगस्त, 2023 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से संशोधित किया गया और संशोधित प्रावधान दिनांक 1 दिसंबर, 2023 से प्रभावी हुए। इन संशोधनों को वनों के संरक्षण, प्रबंधन और पुनर्स्थापन को बढ़ावा देने, पारिस्थितिक रूप से संधारणीय विकास में सहयोग करने, पारिस्थितिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, वनों से संबंधित सांस्कृतिक और पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित करने और कार्बन न्युट्रेलिटी को आगे बढ़ाते हुए आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए लागू किया जा रहा है।

*****

अनुबंध

**'देश में वन क्षेत्र' के संबंध में 02.12.2024 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 983 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**आईएसएफआर 2017 से आईएसएफआर 2021 तक वन क्षेत्र का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण**

**(क्षेत्रफल वर्ग किलोमीटर में)**

| **राज्य/ संघ शासित क्षेत्र** | **भौगोलिक क्षेत्रफल** | **आईएसएफआर 2017** | **आईएसएफआर 2019** | **आईएसएफआर 2021** |
|---|---|---|---|---|
| आंध्रप्रदेश | 1,62,968 | 28,147 | 29,137 | 29,784 |
| अरूणाचल प्रदेश | 83,743 | 66,964 | 66,688 | 66,431 |
| असम | 78,438 | 28,105 | 28,327 | 28,312 |
| बिहार | 94,163 | 7,299 | 7,306 | 7,381 |
| छत्तीसगढ़ | 1,35,192 | 55,547 | 55,611 | 55,717 |
| दिल्ली | 1,483 | 192.41 | 195.44 | 195 |
| गोवा | 3,702 | 2,229 | 2,237 | 2,244 |
| गुजरात | 1,96,244 | 14,757 | 14,857 | 14,926 |
| हरियाणा | 44,212 | 1,588 | 1,602 | 1,603 |
| हिमाचल प्रदेश | 55,673 | 15,100 | 15,434 | 15,443 |
| झारखंड | 79,716 | 23,553 | 23,611 | 23,721 |
| कर्नाटक | 1,91,791 | 37,550 | 38,575 | 38,730 |
| केरल | 38,852 | 20,321 | 21,144 | 21,253 |
| मध्य प्रदेश | 3,08,252 | 77,414 | 77,482 | 77,493 |
| महाराष्ट्र | 3,07,713 | 50,682 | 50,778 | 50,798 |
| मणिपुर | 22,327 | 17,346 | 16,847 | 16,598 |
| मेघालय | 22,429 | 17,146 | 17,119 | 17,046 |
| मिजोरम | 21,081 | 18,186 | 18,006 | 17,820 |
| नगालैंड | 16,579 | 12,489 | 12,486 | 12,251 |
| ओडिसा | 1,55,707 | 51,345 | 51,619 | 52,156 |
| पंजाब | 50,362 | 1,837 | 1,849 | 1,847 |
| राजस्थान | 3,42,239 | 16,572 | 16,630 | 16,655 |
| सिक्किम | 7,096 | 3,344 | 3,342 | 3,341 |
| तमिलनाडु | 1,30,060 | 26,281 | 26,364 | 26,419 |
| तेलंगाना | 1,12,077 | 20,419 | 20,582 | 21,214 |
| त्रिपुरा | 10,486 | 7,726 | 7,726 | 7,722 |
| उत्तर प्रदेश | 2,40,928 | 14,679 | 14,806 | 14,818 |
| उत्तराखंड | 53,483 | 24,295 | 24,303 | 24,305 |
| पश्चिम बंगाल | 88,752 | 16,847 | 16,902 | 16,832 |
| अंडमान एवं निकोवार द्विप | 8,249 | 6,742 | 6,743 | 6,744 |
| चंडीगढ | 114 | 21.56 | 22.03 | 22.88 |
| दादर एवंनगर हवेली और दमन एवं दीव | 602 | 227.49 | 227.49 | 227.75 |
| जम्मू और कश्मिर ** | 2,22,236 | 23,241 | 21358 | 21,287 |
| लद्दाख | | | 2,254 | 2,272 |
| लक्षद्वीप | 30 | 27.10 | 27.10 | 27.10 |
| पुदुचेरी | 490 | 53.67 | 52.41 | 53.30 |
| **सकल योग** | **3,287,469** | **7,08,273** | **7,12,249** | **713,789** |

**आईएसएफआर 2019 से जम्मू और कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों अर्थात जम्मू और कश्मीर एवंलद्दाख में विभाजित किया गया।